भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +174
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बैठकों, प्रोत्साहनों, ओ सम्मेलनों और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) के लिए राष्ट्रीय रणनीति

+174. श्री मंगुटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति अपनाने पर विचार कर रही है, जो व्यापार पर्यटन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में व्यापार पर्यटन के इस एमआईसीई खंड में वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसे पर्यटन के लिए विदेश जाने वाले या बाहर जाने वाले भारतीयों का अनुपात कितना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी हां। पर्यटन मंत्रालय ने मौसम संबंधी पहलुओं से निपटने और वर्षपर्यंत गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों तथा प्रदर्शनियों (MICE) को एक निश पर्यटन उत्पाद के रूप में अभिज्ञात किया है।

भारत को विश्व में MICE गंतव्य और मेगा सम्मेलनों तथा प्रदर्शनियों के एक हब के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने 'MICE उद्योग के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तथा रोडमैप' का प्रारूप तैयार किया है । इस कार्यनीतिक दस्तावेज में निम्नलिखित प्रमुख स्तंभ हैं :

i. MICE के लिए संस्थागत सहायता
ii. MICE के लिए इको सिस्टम तैयार करना
iii. भारतीय MICE उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना
iv. MICE आयोजनों के लिए व्यवसाय करने की सरलता में सुधार करना
v. MICE गंतव्य के रूप में भारत की मार्केटिंग करना
vi. MICE उद्योग के लिए कौशल विकास

(ग): भारत में 'MICE बाजार और MICE पर्यटन उत्पादों के संवर्धन में ICPB की भूमिका' के बारे में अध्ययन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2019 में एक पेशेवर एजेंसी को नियुक्त किया था। इस अध्ययन की रिपोर्ट में वैश्विक MICE उद्योग में भारत का हिस्सा 0.96 प्रतिशत आकलित किया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा आउटबाउंड MICE पर्यटन से संबंधित डाटा का संग्रहण नहीं किया जाता है।

*****